सार-समाचार

स्काउट गाइड कौशल विकास प्रदर्शनी आयोजित

बूंदी (निसं)। राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड बून्दी द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय विकास नगर में संचालित कौशल विकास अभिरुचि केन्द्र में उप वन संरक्षक सोनल जोरिहार ने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास के माध्यम से चहुमुखी विकास होता है। उन्होंने अभिभावकों को रूचि अनुसार पढ़ाने तथा चहुंमुखी विकास करने पर जोर दिया। अतिरिक्त जिला कलेक्टर करतार सिंह ने प्रशिक्षणार्थियों को अनुशासन व पढाई के साथ राष्ट्र सेवा के कार्यों में जुड़ने को कहा। मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मुख्य आयुक्त तेजकंवर ने कोशल विकास अभिरुचि शिविर की योजना की जानकारी देते हुए इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित किए जाने पर जोर दिया। समाजसेवी भंवर लाल झवर ने प्रशिक्षण को बहुत उपयोगी बताया। समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं प्रशिक्षकों सहयोगियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर आजीवन सदस्य के. सी. वर्मा, जिला कोषाध्यक्ष भैरू प्रकाश शर्मा, लीडर ट्रेनर स्काउट देवीसिंह सैनानी, सहायक कमिश्नर युवराज सिंह, लक्ष्मी शर्मा, रोवर लीडर भवानी शंकर मोटसर ने ब्यूटीशियन, मेहंदी, सिलाई, आर्ट एंड क्राफ्ट, पेंटिंग, साजसज्जा इत्यादि विषयों में निर्मित सामग्री की सृजन प्रदर्शनी की प्रशंसा की। सी. ओ. स्काउट गिरिराज प्रसाद गर्ग ने बताया कि शिविर में स्काउट गाइड प्रशिक्षण के द्वारा नवीन सदस्यों को जोड़ा गया। हेमराज ओड, शिवचरन शर्मा, सत्यनारायण राठौर, रतनलाल बैरवा, रघुनंदन शर्मा, सुष्मिता कटारिया, माही जैन, अंजूलता, सुरेंद्र कुमावत, पीयूष जैन, सविता त्रिवेदी, अग्रज सदस्य, अभिभावक सहित स्काउट गाइड, रोवर रेंजर, कब बुलबुल, छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

योग शिविर का समापन

बूंदी (निसं)। अखिल भारतीय वैश्य महासम्मेलन युवा शाखा के तत्वावधान में पंच दिविसीय योग शिविर संपन्न हुआ। जिला महामंत्री शुभम गोयल ने बताया की कार्यक्रम की शुरुआत अण्दीलाल अग्रवाल अध्यक्षअग्रवाल पंचायत ने गणेश जी और लक्ष्मी जी को माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ की। विशिष्ट अतिथि युवा कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सुरेंद्र अग्रवाल (किरवाडा), सभापति मधु नुवाल, पवन अग्रवाल, चैयरपर्सन कोमल जिंदल, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र गोयल, कार्यकारी अध्यक्ष जगदीश जेथलिया, महामंत्री विजेंद्र जाजू, महिला जिला अध्यक्ष निर्मला पाटनी, महामंत्री मंजू जिंदल, नगर महिला अध्यक्ष नीलम हल्दिया , माहेश्वरी समाज अध्यक्ष भगवान बिरला, अग्रवाल मोमिया पंचायत अध्यक्ष महेश जिंदल, रामेश्वर पोकरा रहे। आयोजन समिति द्वारा अतिथियों कामाला व दुपट्टा पहना कर स्वागत किया। योग गुरु दीपक गुर्जर एवं शक्ति तोषनीवाल के निर्देशन में भूपेंद्र योगी, कनक माहेश्वरी, प्रांशु सिंह के द्वारा सभी को शिविर का अंतिम योगाभ्यास करवाया गया। पांच दिवसीय शिविर में योग सिखाने वाले लाल योग के दीपक गुर्जर, भूपेंद्र योगी, प्रांशु सिंह गहलोत, कनक माहेश्वरी, बूंदी रनिंग क्लब के अध्यक्ष शक्ति तोषनीवाल का युवा शाखा द्वारा मुख्य अतिथि से अभिनंदन पत्र व स्मृति चिन्ह भेट कर सम्मान किया।

फिटनेस कैम्प का समापन

कोटा, (निसं)। जैन सोशल ग्रुप संगिनी, कोटा द्वारा इंद्रविहार में 7 दिवसीय वुमन फिटनेस कैम्प आयोजित किया गया। संगिनी ग्रुप की अध्यक्ष सीए निकिता जैन ने बताया कि महिलाएं परिवार की जिम्मेदारियां निभाते हुए स्वयं की फिटनेस पर पूरा ध्यान नही दे पाती हैं जिससे उनको थायरायड, सर्वाइकल, कमर दर्द, रीढ़ की हड्डी में दर्द, जोड़ों में दर्द जैसी परेशानियों से जूझना पड़ता है। महिलाओं को हर उम्र में स्वस्थ बने रहने के लिए कुछ समय सेहत को भी देना होगा। प्रोजेक्ट डायरेक्टर कविता बाफना ने बताया कि 7 दिवसीय फिटनेस कैम्प मे इनशेप की निदेशक व एरोबिक्स कोच निशरीन बोहरा एवं योग ट्रेनर अजीता सेठी ने 50 से अधिक प्रतिभागी महिलाओं को रोजाना अलग-अलग विधियों से एरोबिक्स एवं योगाभ्यास करवाया। एरोबिक्स कोच निशरीन बोहरा ने बताया कि प्रतिदिन हर उम्र की महिलाओं को फ्लोर एरोबिक्स, कार्डियो स्ट्रेन्थ के लिये न्यूरोबिक्स, अमेरिकी म्यूजिक पर जुम्बा, भांगड़ा, योग, रिदम के साथ वॉकिंग व एरोबिक्स की प्रैक्टिस करवाई गई। पतंजलि की मुख्य योग शिक्षक एडवोकेट अजीता सेठी ने बताया कि महिलाओं को कार्डियक एक्ससाइज, घुटनों के लिए माइक्रो मूवमेंट, सूर्य नमस्कार, आसन, योग, प्राणायाम और ध्यान की क्रियाओं का अभ्यास करवाया, जिससे वे रोज सुबह घर पर नियमित रूप से इनको सही ढंग से कर सके।

श्यामाप्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई

रामगंजमण्डी (निसं)। भारतीय जनता पार्टी रामगंजमंडी नगर द्वारा आज भारतीय जनता पार्टी के संस्थापक सदस्य श्री श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि पिछड़ा वार्ड वार्ड नंबर 18 में जाकर वार्ड वासियों के बीच मनाई और उनके बलिदान को याद किया।पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय जनता पार्टी के सबसे पहले भाजपा के संस्थापक सदस्य रहे पहली बार जब जनसंघ की सरकार बनी तो यह उद्योग मंत्री बने।इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक मदन दिलावर भाजपा जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र जैन भाजपा नगर महामंत्री अखिलेश मेडतवाल उप प्रधान सुनील गौतम प्रधान प्रतिनिधि ओमप्रकाश मेघवाल फौजी पूर्व वार्ड पार्षद राधा मीणा नंदलाल मीणा पूर्व पार्षद कमल गुर्जर महिला मोर्चा अध्यक्ष रुकमणी गहलोत पंचायत समिति सदस्य अजय मीणा भाजपा युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पवन दिलावर घनश्याम पाटीदार कथा वाचक संगीता पाटीदार पार्षद रामेश्वर अहीर धीरज जैन पंकज पारेता सहित कई भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा

रामगंजमंडी (निसं)। पंचायत समिति सदस्यों ने सरपंच के समकक्ष अधिकार देने के लिए राजस्थान सरकार के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि राजस्थान में पंचायत समिति सदस्यों को कोई अधिकार नहीं है, जबकि पंचायत समिति सदस्य 3 ग्राम पंचायतों या 2 ग्राम पंचायतों से निर्वाचित होकर आते हैं। इस तरह पंचायतों में सरपंचों को अधिकार दे रखे हैं, वैसे ही सभी सदस्यों को अधिकार दिया जाए ।जिससे पंचायत समिति सदस्य विकास कर सके जो अधिकार सरपंचों को है ,उनके ही समकक्ष पंचायत समिति सदस्यों को अधिकार दिया जाए। पंचायत समिति सदस्यों को पंचायती राज में पूरा अधिकार दिया जाए। ज्ञापन देने में प्रधान कलावती मेघवाल, उप प्रधान सुनील गौतम ,पंचायत समिति सदस्य अजय मीणा, ममता रैगर, नईम उद्दीन कुरेशी, स्वाति मीणा, अनीता वर्मा ,प्रेम बाई रायका, भीमराज गुर्जर, राधाबाई, रेखा बाई, नवनीत पारेता , जयवीर सिंह,काली बाई समस्त पंचायत समिति सदस्य मौजूद रहे।

कैम्पस प्लेसमेंट शिविर 27 जून को

बून्दी (निसं)। जिला रोजगार कार्यालय की ओर से 27 जून को रोजगार कार्यालय में एक दिवसीय केम्पस प्लेसमेट ऑनलाइन एव डिजिटल शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसमें बाहरी प्रतिष्ठित कम्पनी चेकमेट सर्विस प्राईवेट लिमिटेड, जयपुर के द्वारा बेरोजगार आशार्थियों का रोजगार के लिए प्रारंभिक चयन करेगी। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में भाग लेने के इच्छुक बेरोजगार आशार्थियों की आयु 21 वर्ष से 35 वर्ष एवं शैक्षिणक योग्यता 10वीं व 12वीं तथा स्नातक पास होना जरूरी होगा। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी अपने मूल दस्तावेजों के साथ नियत तिथि को उपस्थित होकर अधिक से अधिक संख्या में लाभ उठा सकेंगे। शिविर में भाग लेने वाले आशार्थियों को किसी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के मामले में दो गिरफ्तार

छबड़ा (निसं)। लगभग डेढ़ माह पूर्व अनुसूचित जाति के युवक को मंदिर पर पूजा-पाठ करने से रोकने व जातिसूचक शब्दों से अपमानित करने के मामले में छबडा पुलिस ने दो आरोपियों को गुरूवार को गिरफ्तार कर लिया है। सीआई नेकीराम ने बताया कि नदी दरवाजे के पास छीपा समाज का मंदिर है। यहां छीपा समाज के लोगों द्वारा पूजा-अर्चना की जाती है। मंदिर के पास रहने वाला पवन सौलंकी 29 मई को मंदिर पर पूजा करने गया तो छीपा समाज के कुछ लोगों ने धोबी समाज के लोगों द्वारा मंदिर में पूजा-अर्चना किए जाने का विरोध किया और गाली-गलौच कर जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया। पुलिस ने इस मामले में छीपा मोहल्ला निवासी देवकीनंदन छीपा व राजू छीपा को गिरफ्तार कर लिया है।

वृहद वृक्षारोपण के संबंध में बैठक आज

झालावाड़, (निसं)। वन मण्डल अधीन वृहद वृक्षारोपण से संबंधित बैठक का आयोजन जिला कलेक्टर डॉ. भारती दीक्षित की अध्यक्षता में 24 जून को सायं 5 बजे झिर नर्सरी में किया जाएगा। इस दौरान समस्त सरकारी विभागों में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम की रूपरेखा सहित अन्य बिन्दुओं पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी उप वन संरक्षक संग्राम सिंह कटियार द्वारा दी गई।

मिस, मिसेज, मिस्टर राजस्थान-2022 का आगाज

कोटा, (निसं)। मिस, मिसेज, मिस्टर राजस्थान 2022 का आगाज गुरूवार को क्रॉउन सेरेमनी के साथ हुआ। इस दौरान विजेताओं को दिए जाने वाले क्राउंट को प्रदर्शित किया गया। शो में

- 'फैशन इंडस्ट्रीज में भी कोटा पहचान बनाएगा'
- 'यहां से निकलने वाली प्रतिभाओं को बॉलीवुड में काम मिल रहा है'

कोटा में मॉडलिंग की प्रतिभाओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है।

छोटे से लेकर बड़े शहरों की मॉडल्स कोटा में 23 से 26 जून तक अपना जलवा दिखाएंगी। ग्लैमर इंडिया ड्रीम मेकर्स द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में राजस्थान के कई शहरों से प्रतिभागी हिस्सा ले रहे हैं।

आयोजक व ग्लैमर इंडिया के निदेशक डॉ जितेन्द्र शर्मा व रीता शर्मा (मकसेज स्लाड्स गैलेक्सी 2019) ने बताया कि चार दिनों तक प्रतिभागियों को कई तरह से ट्रेनिंग दी जाएगी, कई राउंट होंगे जिसमें उनको निखारा जाएगा। शॉ के दौरान टैलेंट राउंड, ट्रेडिशनल राउंड होगा जिसमें सभी प्रतिभागी अपने टैलेंट को प्रदर्शित करेंगे। कोचिंग में अपनी पहचान बना चुका कोटा अब फैशन इंडस्ट्रीज में भी अपनी पहचान बनाएगा।

रीता शर्मा ने बताया कि यदि प्रतिभागियों में टेलेंट है तो उन्हें आगे बढने से कोई नहीं रोक सकता, यहां निष्पक्ष रूप से सभी को समान अवसर दिया जा रहा है, जिसमें उनकी प्रतिभाओं को तराशा व तलाशा जाएगा, प्रतिभागी अपनी प्रतिभा के दम पर ही बड़े मंचों पर पहुंच सकेगा।

ग्लैमर इंडिया के साथ जुड़कर इससे पूर्व भी कई ऐसे मॉडल्स हैं जो वॉलीवुड में अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं, आलिया भट्ट हो या करण जोहर सभी के साथ काम कर रहे हैं। इसके साथ ही कई वेब सीरीज, टीवी सीरियल के साथ बड़े'' पर्दे पर भी अपनी प्रतिभा दिखा रहे हैं।

निदेशक जितेन्द्र सोनी ने बताया कि शो का ग्रेंड फिनाले 26 जून को होगा जिसमें फिनाले में बॉलीवुड सेलिब्रिटी करण मेहट आएंगे तथा मिसेज शैव्या माहेश्वरी (मिसेज रॉयल ब्यूटी 2019) मिसेज रोमा वराड़कर (मिसेज इंडिया पैसिफिक फर्स्ट रनरअप) मिस्टर रोहिताभ सोनी, मिस्टर हिमांशु अरोरा डेकृस डिजाइनर चिंटू खान, निधि सबरवाल, रोयल स्टाइल, शामिल होंगे।

रैंप वॉक ट्रेनिंग जयेश पाटील मुंबई द्वारा दी जाएगी। इसके साथ ही सिंगर चित्रा सोनी, व निषद सोनी भी अपनी परफोरमेंस देंगे। ऑफिशियल मेकअप पार्टनर रानी ब्यूटी जोन, मिसेज रमा विजय होंगी, डेकृस डिजाइनर चिंटू खान होंगे। ग्रेंड फिनाले में तीन राउंड होंगे साथ ही इंडिया लेवल शो में प्रोत्साहित किया जाएगा। इसके साथ ही नन्हे मुन्ने बच्चे भी अपनी प्रतिभा को प्रदर्शित करेंगे।

कृषि बजट पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

कोटा, (निसं)। कृषि बजट पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन गुरूवार को जिला कलेक्टर हरि मोहन मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजन किया गया, जिसमें पीपल्दा विधायक रामनारायण मीणा सहित जनप्रतिनिधिगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

जिला कलक्टर ने कहा कि सरकार द्वारा इस बार किसानों एवं खेती को विशेष ध्यान में रखते हुए अलग से कृषि बजट प्रस्तुत किया था जिसका उद्देश्य किसानों की आय बढाकर उन्हें आधुनिक कृषि के लिए साधन सम्पन्न बनाना है। उन्होंने कहा कि किसानों को वैज्ञानिक पद्धति से कम लागत में अधिक उपज लेने तथा खाद्य प्रंसस्करण के माध्यम से प्रगतिशील किसान बनाने के लिए संबंधित विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी धरातल पर ले जाकर किसानों को देनी होगी। उन्होंने कहा कि अनुदान योजनाओं का लाभ किसानों को बिना व्यवधान के मिले, उनकी समस्याओं का समय पर निराकरण किया जाये, जिससे उन्हें कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़े। उन्होंने किसानों से बीज व उवर्रक खरीद में अधिक राशि लेने वाले आदान विक्रेताओं के खिलाफ कार्यवाही करने के भी निर्देश दिये।

विधायक पीपल्दा रामनारायण मीणा ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में किसानों द्वारा जो भी आवेदन भरे जाये उनमें बिना देरी के समय पर स्वीकृति जारी हो। फार्मपौण्ड योजना, किसानों को कृषि कनेक्शन, पशु चिकित्सा केन्द्रों के माध्यम से नस्ल सुधान कार्यक्रम का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाये। उन्होंने लहसून खरीद के लिए सुल्तानपुर, इटावा व खातौली में खरीद केन्द्र बनाने तथा अनुदान योजनाओं की जानकारी ग्राम स्तर पर किसानों को देने का सुझाव दिया।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम मुर्तुजा अली बोहरा से बदलकर नया नाम मुर्तजा अली रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-मुर्तजा अली पुत्र अब्बास भाई बोहरा नगर पालिका के सामने बोहरा मोहल्ला भवानीमंडी झालावाड़ (राज.)

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम रागिनी कुमारी जैन से बदलकर नया नाम रागिनी जैन पत्नी अंशुल जैन रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।

पता-रागिनी जैन पत्नी अंशुल जैन मकान न. 54-ए तलवंडी कोटा (राज.)

आईआईएम छात्र शांत्तम जैन सराफ का अभिनंदन किया

कोटा (निसं)। हाड़ौती से केवल एक मात्र छात्र का आईआईएम अहमदाबाद में दाखिला होने पर शांत्तम जैन सराफ का अभिनंदन लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने शांत्तम जैन को शॉल ओढ़ाकर और दुपट्टा पहनाकर किया। इसी कड़ी में शांत्तम जैन के पिता ओम जैन सर्राफ ने अपने परिवार सहित लोकसभा स्पीकर श्रीमान ओम जी बिरला को दुपट्टा पहनाकर अभिनंदन किया। इस पर शांत्तम जैन के परिजन एवं जनरल मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश जैन उपस्थित थे। अधिक जानकारी देते हुए शांत्तम जैन सर्राफ ने लोकसभा स्पीकर से वार्ता करते हुए यह कहा कि आईआईएम अहमदाबाद से मैनेजमेंट की पढ़ाई पूरी करने के बाद, हाड़ौती के लिए भी कुछ ऐसा कार्य जैसे इंडस्ट्री, स्टार्टअप्स बिजनेस,लगाना चाहते हैं जिससे हाडोती के लोगों को रोजगार मिल सके।

कोचिंग विद्यार्थियों के लिए मानसिक संबल एवं सुरक्षा के लिए कार्यशाला आयोजित

कोटा, (निसं)। कोचिंग संस्थानों में अध्ययनरत विद्यार्थियों को मानसिक संबल एवं सुरक्षा प्रदान करने के लिए गुरूवार को यूआईटी ऑडिटोरियम में कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें पुलिस अधीक्षक शहर केसर सिंह, अतिरिक्त कलेक्टर प्रशासन राजकुमार सिंह, शहर बृजमोहन बैरवा सहित अधिकारियों व मनोचिकित्सकों ने विद्यार्थियों के शैक्षणिक वातावरण के लिए सुझाव दिए।

पुलिस अधीक्षक शहर ने कहा कि कोचिंग प्राप्त करने कोटा आने वाले प्रत्येक विद्यार्थी का आमुखीकरण कोचिंग संस्थान, हॉस्टल, प्रशासन एवं पुलिस के साथ होना चाहिए। जिससे वे यहां के वातावरण में ढल सकें, जिस उद्देश्य के लिए आएं हैं उसे साकार कर सकें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी बिना तनाव के अपने लक्ष्य पूरे करें, इसमें प्रशासन के साथ-साथ कोचिंग व हॉस्टलों का भी महत्वपूर्ण दायित्व है। वे विद्यार्थियों के अभिभावक के भांति सीधा सम्बन्ध बनाए रखकर उनकी प्रत्येक गतिविधि पर निगरानी रखें। उन्होंने विद्यार्थियों को आव्हान किया कि जीवन में चार ध्येय वाक्य अपनाए जिनमें लक्ष्य निर्धारण, कार्य में निरंतरता, धैर्य एवं कठिन परिश्रम प्रमुख है। उन्होंने कहा कि कोटा रहने पर सफलता मिलेगी अथवा अनुभव मिलेगा, लेकिन निराश होने की आवश्यकता नहीं है। किसी भी परेशानी के समय बिना झिझक के कोचिंग, हॉस्टल, स्थानीय पुलिस अथवा प्रशासन से सीधा सम्पर्क करें। अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन ने कहा कि हम सभी को मिलकर समन्वित प्रयास करने होंगे तभी जाकर हम विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य को साकार करने में अपनी सहभागिता निभा सकेंगे।

उन्होंने कहा कि विभिन्न प्रदेश से आने वाले विद्यार्थियों को इको फ्रेंडली एवं तनावमुक्त शैक्षणिक वातावरण किस प्रकार से मिले इस ओर कदम बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार अर्जुन के लिए श्रीकृष्ण सारथी बने उसी भांति हम सभी को विद्यार्थियों के सारथी बनकर सही दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करना होगा। अतिरिक्त कलक्टर शहर ने कहा कि कोटा का नाम शैक्षणिक नगरी के रूप में सपनों का शहर है, हमें विद्यार्थियों को खुला आकाश देना है, विद्यार्थियों का दायित्व है कि वे अपनी पूरी क्षमता के साथ खुले आकाश में प्रतिभा को साकार करें। उन्होंने कहा कि प्रशासन की भावनाओं के अनुरूप बेहतर शैक्षणिक वातावरण प्रत्येक विद्यार्थी को मिले।

दिनांक : 23.06.2022

सूचना-आम

मेरे पक्षकार श्री सुमित कुमार मोदी पुत्र स्व. श्री रामनिवास मोदी, निवासी मोदी हाउस, गुमानपुरा कोटा राजस्थान से है । मेरे पक्षकार ''राम निवास मोदी चेरिटेबल ट्रस्ट'' पंजीकृत कार्यालय-मोदी हाउस गुमानपुरा कोटा में दिनांक 22.08.2000 से ट्रस्टी पद पर कार्यरत था । मेरे पक्षकार द्वारा अपने निजी कारणों की वजह से दिनांक 22.02.2022 को ट्रस्ट के ट्रस्टी पद से त्याग पत्र (इस्तीफा) दे दिया है। यह कि दिनांक 22.02.2022 के बाद से मेरे पक्षकार श्री सुमित कुमार मोदी एवं मेरे पक्षकार के उत्तराधिकारी (वारिसान) का रामनिवास मोदी चैरिटेबल ट्रस्ट में कोई अधिकार शेष नहीं रह गया है /समस्त अधिकार दिनांक 22.02.2022 के बाद से स्वत: ही समाप्त हो गये हैं ।

सूचित हो । एडवोकेट मोहम्मद अकरम, H.No.-76, नम्रता आवास, बजरंग नगर, कोटा

दिनांक : 23.06.2022

सूचना-आम

मेरी पक्षकारा श्रीमती बिमला देवी मोदी (बिमला मोदी) पत्नी स्व. श्री रामनिवास मोदी, निवासी मोदी हाउस, गुमानपुरा कोटा राजस्थान से है । मेरी पक्षकारा ''राम निवास मोदी चेरिटेबल ट्रस्ट'' पंजीकृत कार्यालय-मोदी हाउस गुमानपुरा कोटा में दिनांक 22.08.2000 से ट्रस्टी पद पर कार्यरत थी । मेरी पक्षकारा द्वारा अपनी अस्वस्थता का हवाला देते हुए दिनांक 21.02.2022 को ट्रस्ट के ट्रस्टी पद से त्याग पत्र (इस्तीफा) दे दिया है। यह कि दिनांक 21.02.2022 के बाद से मेरी पक्षकारा श्रीमती बिमला देवी मोदी (बिमला मोदी) एवं मेरी पक्षकारा के उत्तराधिकारी (वारिसान) का रामनिवास मोदी चैरिटेबल ट्रस्ट में कोई अधिकार शेष नहीं रह गया है/समस्त अधिकार दिनांक 21.02.2022 के बाद से स्वत: ही समाप्त हो गये हैं ।

सूचित हो । एडवोकेट मोहम्मद अकरम, H.No.-76, नम्रता आवास, बजरंग नगर, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2022/2268 दिनांक:-22.6.22

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा योजना श्रीरामकृष्णपुरम-ए भूखंड संख्या 1252 का आवंटन दिनांक 06.02.1992 को श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री कृष्ण गोपाल शर्मा के नाम आवंटन किया गया था। श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री कृष्ण गोपाल शर्मा की मृत्यु दिनांक 13.09.2019 को हो गयी है। मृत्यु उपरान्त श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा पुत्र श्री कृष्ण गोपाल शर्मा के विधिक वारिसान द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड रिलीज डीड (हक त्याग पत्र), शपथ पत्र, आईडी इत्यादि के आधार पर श्रीमती कंचनलता शर्मा पत्नी स्व. श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा द्वारा उक्त भूखंड संख्या 1252 अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति नगर विकास न्यास कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 1252 योजना श्रीरामकृष्णपुरम-ए का नामहस्तान्तरण श्रीमती कंचनलता शर्मा पत्नी स्व. श्री राजेन्द्र कुमार शर्मा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

कार्यालय नगर विकास न्यास, कोटा

क्रमांक:-378 नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना दिनांक:-22.6.22

नगर विकास न्यास कोटा द्वारा भूखंड/आवास संख्या 174 केशवपुरा-6 योजना में रजिस्ट्री न्यास के पत्र दिनांक 14.06.2021 को श्री देवी दास पुत्र श्री नेनूमल के नाम से जारी की गई थी। आवंटी श्री देवी दास पुत्र श्री नेनूमल द्वारा उक्त भूखंड/आवास का जर्ये मुख्तारआम श्री किशोर शर्मा पुत्र श्री पूनमचंद द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 25.11.2021 को श्री राजेन्द्र शर्मा पुत्र श्री किशोर शर्मा को विक्रय कर दिया गया है। क्रेता श्री राजेन्द्र शर्मा पुत्र श्री किशोर शर्मा द्वारा उक्त भूखंड के नामहस्तान्तरण की स्वीकृति नगर विकास न्यास, कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखण्ड/आवास संख्या 174 योजना केशवपुरा-6 का नाम हस्तान्तरण श्री राजेन्द्र शर्मा पुत्र श्री किशोर शर्मा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव नगर विकास न्यास, कोटा

जे.के. लोन में भर्ती बहिन के लिए वर्धमान जैन ने 33वीं बार एसडीपी डोनेट की

कोटा, (निसं)। सेवा और समर्पण भाव से सेवा करने का सिलसिला टीम जीवनदाता का लगातार जारी है। टीम जीवनदाता के सदस्य वर्धमान जैन ने ऐसे में एक महिला की जान को बचाने के लिए अपना व्यावसायिक कार्य छोड़कर मानवता का धर्म निभाया।

टीम जीवनदाता के संयोजक व लायंस क्लब कोटा टेक्नो के डायरेक्टर भुवनेश गुप्ता ने बताया कि एक व्यक्ति ने एमबीएस ब्लड बैंक के बाहर टीम जीवनदाता के सहयोग से लगाए गए वाटर कूलर पर लिखे गए नम्बर पर कॉल किया। गुप्ता ने बताया कि विज्ञान नगर निवासी मनोज सिंह ने कॉल कर अपनी व्यथा बताई, कि उनकी पत्नी लाड कंवर जे के लोन में भर्ती है। उनकी ये पहली डिलेवरी थी, ऐसे में बच्चे की असमय पेट में मौत हो गई थी। ऑपरेशन करने में अत्याधिक ब्लड लॉस गया था, और हालत गंभीर हो गई। प्लेटलेट्स कम होने पर चिकित्सकों ने एसडीपी की आवश्यकता बताई, ऐसे में गुप्ता ने फोरन वर्धमान जैन को फोन किया। उस समय वे भामाशाह मंडी में थे और लहसुन की नीलामी करवा रहे थे।

नीलामी छोड़कर आना संभव नहीं था, लेकिन उन्हें जब महिला की गंभीर हालत के बारे में समझाया तो उनका ह्दय द्रवित हो गया। वह सभी काम छोड़कर एमबीएस पहुंचे जहां उन्होंने 33वीं बार एसडीपी डोनेट कर महिला की जान बचाने का प्रसास किया। वर्धमान जैन अब तक 52 बार ब्लड डोनेशन भी कर चुके हैं। कुल 84 बार पूर्व में डोनेशन कर चुके है।

पिकअप के यू-टर्न से गई तेरह माह के मासूम की जान

छबड़ा (निसं)। बापचा थाना अंतर्गत गांव कुलिंजरा में पिकअप के पहिए के नीचे आने से तेरह माह के मासूम बालक की मौत हो गई। गुरुवार को छबडा से खाद से भरी पिकअप गांव कुलिंजरा गई थी। गांव कलिंजरा में पहुंचने पर खाद के कट्टे खाली कर चालक पिकअप को घुमाने के दौरान अचानक तेरह माह का बालक किरीश मेहरा पुत्र अवनीश निवासी डबरी थाना छीपाबडौद पहिए के नीचे आ जाने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।

SBI भारतीय स्टेट बैंक State Bank of India

तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, तृतीय मंजिल, मैट्रिक्स मॉल, सेक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर (राजस्थान)- 302004, ई-मेल: sbi.18184@sbi.co.in शाखा कोड- 18184, फोन: 0141-2657811, 2657921, 2657926, 2657989

प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002, परिशिष्ट IV [नियम 8(1) देखें]

कब्जा सूचना (अचल सम्पत्तियों के लिए)

जबकि

निम्नहस्ताक्षरकर्ता **भारतीय स्टेट बैंक** के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का अधिनियम संख्यांक 54) के अंतर्गत और धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में, प्रतिभूतिहित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित, ऋणी **मैसर्स कोटा इन्टरप्राईजेज जरिये पार्टनर्स श्री मनीष राजपूत पुत्र श्री सुदर्शन कुमार राजपूत एवं श्रीमती बीना राजपूत पुत्री श्री सागर चन्द कोशल** एवं जमानतदार **श्रीमती रामा राजपूत पत्नी श्री मनीष राजपूत** पर मांग सूचना **दिनांक 08.03.2022** पर उस सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर **दिनांक 07.03.2022 को बकाया राशि रू. 32,80,512.58 (रूपये बतीस लाख अस्सी हजार पांच सौ बारह एवं पैसे अठावन मात्र) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्च व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए मांग सूचना जारी की गई।

ऋणी द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में असफल होने पर एतद्वारा सूचना ऋणी और आम जनता को दी जाती है कि निम्नहस्ताक्षरकर्ता ने **दिनांक 22, माह जून, वर्ष 2022** को उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के अंतर्गत, उक्त अधिनियम की उपधारा 8 के साथ पठित उसमे प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्तियों को कब्जे में ले लिया है।

ऋणी को विशेष एवं आम जनता को एतद्वारा सम्पत्तियों के साथ कोई संव्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्तियों के साथ किया गया कोई भी संव्यवहार **दिनांक 07.03.2022 को बकाया राशि रू. 32,80,512.58 (रूपये बतीस लाख अस्सी हजार पांच सौ बारह एवं पैसे अठावन मात्र) एवं इससे आगे का ब्याज व अन्य खर्च व लागतों** का पुनर्भुगतान करने के लिए **भारतीय स्टेट बैंक, तनावग्रस्त आस्ति वसूली शाखा, तृतीय मंजिल, मैट्रिक्स मॉल, सेक्टर-4, जवाहर नगर, जयपुर** के प्रभार के अधीन होगा।

कर्जदार का ध्यान, प्रतिभूत आस्तियों को छुडाने के लिए, उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13(8) के प्रावधान की ओर आकृष्ट किया जाता है।

अचल सम्पत्तियों का विवरण

सम्पत्ति 1- सम्पत्ति के सभी अभिन्न अंग गठित होते हैं जो कि श्रीमती रामा राजपूत पत्नी श्री मनीष राजपूत के नाम साम्यिक बंधक दुकान नं. 4, प्रथम तल, प्लॉट नं. 148, काका कॉम्पलेक्स, वल्लभ बाडी, गुमानपुरा, कोटा पर स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 180 वर्ग फीट है। **सीमाएं**- पूर्व: मार्ग 12' चौड़ा, पश्चिम: श्री महेन्द्र पाल त्यागी का मकान, उत्तर: दुकान नं. एफ-5, दक्षिण: दुक